146. स्त्रियों का 'बाजूबन्द' आभूषण कहाँ पहिना जाता है?

(a) कमर (b) गर्दन

(c) हाथ (d) पैर

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (c) : स्त्रियों का 'बाजूबन्द' आभूषण हाथ में पहना जाता है। स्त्रियों द्वारा हाथ (बाजू) में पहनने वाले अन्य आभूषण हैं- फूँदना, दामणा, बगड़ी, कंकण मौखड़ी, नवरतन, टकमा।

147. 'भीनमाल' का प्राचीन नाम क्या था?

(a) माड़ (b) मरु

(c) श्रीमाल (d) चन्द्रावती

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (c) : भीनमाल राजस्थान के जालोर जिले का एक शहर है। भीनमाल का प्राचीन नाम श्रीमाल था। मध्यकाल में भीनमाल गुर्जर राजवंश की राजधानी थी।

148. राजस्थान की सीमा के बारे में कौन सा कथन सही नहीं है?

(a) हरियाणा व मध्य प्रदेश उत्तर पूर्व में है

(b) पश्चिम में राजस्थान की सीमा पाकिस्तान से मिलती है

(c) मध्य प्रदेश दक्षिण पश्चिम में है

(d) पंजाब उत्तर में है

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (c) : राजस्थान की सीमा पांच राज्यों से मिलती है इसके उत्तर में पंजाब, उत्तर पूर्व में हरियाणा, पूर्व में उत्तर प्रदेश, दक्षिण-पूर्व में मध्य प्रदेश और दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम में गुजरात स्थित है। पश्चिम में राजस्थान की सीमा पाकिस्तान से मिलती है।

149. उत्तर पश्चिम राजस्थान भारत के किस भूआकृतिक विभाजन में आता है?

(a) उत्तर व उत्तर-पूर्वी पर्वत (b) उत्तरी मैदान

(c) प्रायद्वीपीय पठार (d) भारतीय मरूस्थल

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (d) : भारतीय मरूस्थल मुख्य रूप से भारतीय उत्तरी मैदान का ही एक भाग है। राजस्थान का उत्तरी-पश्चिम भाग भारतीय मरूस्थल प्रदेश के अंतर्गत आता है। राजस्थान का उत्तर-पश्चिमी भाग रेतीले मैदान के रूप में विस्तृत है।

150. रेडक्लिफ रेखा का राजस्थान में विस्तार है:

(a) हिन्दुमलकोट (गंगानगर) से बाखासर (बाड़मेर) तक

(b) कोणागाँव (गंगानगर) से शाहगढ़ (जालौर) तक

(c) हिन्दुमलकोट (गंगानगर) से शाहगढ़ (जालौर) तक

(d) कोणागाँव (गंगानगर) से बाखासर (बाड़मेर) तक

48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (a) : रेडक्लिफ रेखा का राजस्थान में विस्तार हिन्दुमलकोट (गंगानगर) से बाखासर (बाड़मेर) तक है। यह रेखा भारत-पाकिस्तान के मध्य विभाजक रेखा है। सर सिरिल रेडक्लिफ को भारत एवं पाकिस्तान के मध्य सीमांकन करने हेतु इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया। 17 अगस्त 1947 ई. को प्रस्तुत रिपोर्ट को सीमा रेखा का आधार मानकर मंजूरी प्रदान की गयी।

151. राजस्थान में थार मरुस्थल से प्रभावित क्षेत्रफल व जनसंख्या का प्रतिशत कितना है?

(a) क्षेत्रफल 50% जनसंख्या 50%

(b) क्षेत्रफल 61% जनसंख्या 40%

(c) क्षेत्रफल 70% जनसंख्या 60%

(d) क्षेत्रफल 70% जनसंख्या 70%

48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (b) : राजस्थान में थार मरूस्थल से प्रभावित क्षेत्रफल एवं जनसंख्या का प्रतिशत क्रमशः (61%) एवं 40% है। थार मरुस्थल भारत का सबसे बड़ा मरुस्थल है। जो भारत के थार मरुस्थल का 61.11% भाग राजस्थान में आता है। थार मरुस्थल राजस्थान के अलावा हरियाणा, गुजरात एवं पंजाब में भी विस्तारित है।

152. निम्नलिखित में से क्षेत्रफल के अनुसार राजस्थान का सबसे बड़ा शहर कौन सा है?

(a) जोधपुर (b) जयपुर

(c) कोटा (d) बीकानेर

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022

Ans. (d) : क्षेत्रफल के अनुसार उपरोक्त विकल्पों में बीकानेर सबसे बड़ा जिला है जिसका क्षेत्रफल 27244 किमी.^{2} है जबकि- अन्य जिलों का क्षे. है-

जोधपुर	-	22850 किमी.^{2}
जयपुर	-	11143 किमी.^{2}
कोटा	-	5217 किमी.^{2}

राजस्थान का सबसे बड़ा जिला जैसलमेर (380401 km^2) है।

153. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

जिला		अक्षांश/देशांतर
(A) बांसवाड़ा	-	**(i) $30^0 12'$ उत्तर**
(B) जैसलमेर	-	**(ii) $69^0 30'$ पूर्व**
(C) धौलपुर	-	**(iii) $23^0 3'$ उत्तर**
(D) गंगानगर	-	**(iv) $78^0 17'$ पूर्व**

सही कूट है-

	A	B	C	D
(a)	iii	ii	i	iv
(b)	iii	ii	iv	i
(c)	ii	iii	iv	i
(d)	i	ii	iv	iii

Basic Computer Anudeshak-18.06.2022

Ans. (b) :

	जिला		अक्षांश/देशांतर
(A)	बांसवाड़ा	-	(i) $23^0 3'$ उत्तर
(B)	जैसलमेर	-	(ii) $69^0 30'$ पूर्व
(C)	धौलपुर	-	(iii) $78^0 17'$ पूर्व
(D)	गंगानगर	-	(iv) $30^0 12'$ उत्तर

154. राजस्थान के बारे में कौन-सा कथन सत्य है?

(a) इसका आधार विषमकोण चतुर्भुज के समान है।

(b) इसका उत्तर से दक्षिण विस्तार 869 किमी. है

(c) इसकी स्थलीय सीमा 6920 किमी. है

(d) इसका क्षेत्रफल 3,42,329 वर्ग किमी. है

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022